हिंदी उत्सव

आज २0 सितंबर २०१८ को अमृता विद्यालयम् में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया | परमपूज्य गुरू माता अमृताानंदमयी देवी के आशीर्वाद एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या ब्रह्मचारिणी रेखा जी की उपस्थिति में विद्यालय की प्रात:कालीन प्रार्थना सभा में हिंदी उत्सव का सफल आयोजन किया गया |

हिंदी विभागाध्यक्षा श्रीमती मीनू पाण्डेय ने सभी का स्वागत करते हुए हिंदी कविता की दो पंक्तियाँ सुनाकर इस कार्यक्रम का श्रीगणेश किया | तत्पश्चात कक्षा ४थी से ११ वीं तक के छात्रों ने हिंदी साहित्य की विविध विधाओं से जुड़े कार्यक्रमों का मंचन कर सभा को हिंदीमय बना दिया |अम्मा की अमृतवाणी, कविता, हिंदी गीत, हिंदी नाटक आदि इस कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहे | पावन अमृतवाणी ने प्रात:काल को अधिक पवित्र बना दिया | कक्षा ८वीं की छात्रा ने हिंदी दिवस की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किए | हिंदी गीत ने तो समाँ ही बाँध दिया | हिंदी कविता 'हम सब भारतवासी हैं' ने जहाँ देशभक्तिपूर्ण वातावरण का निर्माण किया वहीं लघुनाटिका 'हिंदी की कहानी हिंदी की जुबानी' ने अपनी जीवन यात्रा को छात्रों के समक्ष प्रस्तुत कर विभिन्न कालावधि में हिंदी की स्थिति को बखूबी दर्शाया | हिंदी शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं छात्रों के अथक प्रयास के कारण कार्यक्रम सफल रहा |

अंत में छात्रों द्वारा आभार प्रदर्शन के बाद प्रधानाचार्या ब्रह्मचारिणी रेखा जी ने बच्चों को ध्यान करवाकर योग की संस्कृति को कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बना दिया | राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया |